## खबर संक्षेप



### कुविः गणतंत्र दिवस परेड शिविर की चयन प्रक्रिया

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2026 के शिविर हेतु चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। चयनित 40 स्वयं सेवक सीडीएलयू सिरसा में 19 को होने वाले स्टेट शिविर में हिस्सा लेंगे। चयन प्रक्रिया में एनएसएस के स्वयंसेवकों का शारीरिक फिटनेस एवं परेड का निरीक्षण किया गया। जिसके लिए हवलदार जसवीर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### रामलीला का मंच निर्माण कार्य प्रारंभ



**लाड़वा।** शहर की धार्मिक मंचीय संस्था श्रीराम हनुमान रामलीला समिति द्वारा 18 सितंबर से प्रारम्भ हो रही रामलीला के लिए मंच लगाने का कार्य प्रारम्भ किया गया। समिति के अखाड़े दार घनश्याम कम्बोज ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा 18 सितंबर से ठाकुरी देवी स्कूल के बाहर रामलीला ग्राउंड में रामलीला मंचन प्रारम्भ किया जाना है। बल्ली पूजन का आयोजन किया गया जिसमें पीड़ति गौवंश उपचार समिति के प्रधान रोहित महंत सहित सदस्यों वैभव चावला, मानव गर्ग व गौरव नीलवान ने मुख्य यजमान के रूप में शिरकत की व बल्ली का पूजन कर हनुमान जी का झंडा लगाने का कार्य किया।

### 15 दिनों में होंगे 17 तरह के कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को करनाल स्थित भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में सेवा पखवाड़े को लेकर बैठक की। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न शहरों व कस्बों में विशेष सफाई अभियान आयोजित किए जाएंगे।

---

जिला उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सड़कों की मरम्मत व सुधारीकरण में कोताही को नहीं करेंगे बर्दाश्त

डीसी ने सचिवालय में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, गुणवत्ता से न करें कोई समझौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। बैठक में सड़कों को लेकर निर्देश देते जिला उपायुक्त।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के सुधारीकरण व नवीनीकरण को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक की आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने सड़कों के सुधारीकरण व नवीनीकरण को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क), हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, मार्केटिंग बोर्ड, शहरी स्थानीय निकाय, पंचायत विभाग व जिला परिषद के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी सड़कें गड्ढा मुक्त किए जाने के निर्देश दिए। ताकि राहगीरों को कोई परेशानी न आए और इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों की स्थिति सही सुनिश्चित हो इसके लिए विभागीय स्तर पर विशेष सजगता बरती जाए।

### आमजन को मुहैया करवाएं बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर सौंदर्यकरण पर भी विशेष ध्यान दें अधिकारी

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि आमजन को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराने के लिए जिला प्रशासन सजग है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूरी सक्रियता से निर्धारित अवधि में सड़कों को दुरूस्त कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि सड़कों के सौंदर्यीकरण पर भी पूरा ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां कहीं भी विकास कार्यों में अतिक्रमण मिलता है तो उसे हटाकर विकास कार्य पूरे किए जाएं। मौके पर नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार व कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग पुनित मित्तल आदि मौजूद रहे।

### नियमित मॉनिटरिंग करें सभी विभागाध्यक्ष

सड़कों के सुधारीकरण व नवीनीकरण के दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर फोकस रखें और सेंपलिंग भी समयानुसार कराई जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों की हालत दुरुस्त रहे इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए और जहां कहीं भी सम्बंधित सड़कों में सुधार की जरूरत है वहां क्वालिटी का ध्यान रखते हुए कारपेटिंग करवाई जाए। इस कार्य में कोताही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी।



रादौर में कॉलेज रोड पर बने गड्ढों को दिखाता हुआ स्थानीय नागरि धीरज वर्मा।

## कालेज मार्ग पर सड़क में बने गढ्डों से वाहन चालक परेशान

- क्षेत्रवासियों ने सरकार व प्रशासन से सड़क में बने गढ्डों को ठीक करवाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के कालेज मार्ग पर गड्ढे बनने से लोगों को कोई हादसा होने का डर सताने लगा है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से सड़क पर बने गड्ढों को ठीक किए जाने की मांग की। कॉलेज रोड निवासी पार्षद राजीव आर्य सन्नी, पार्षद प्रतिनिधि सुदेश सैनी, धीरज वर्मा, मास्टर प्रवेश कुमार व अमित कुमार आदि ने बताया कि पिछले काफी समय से कॉलेज रोड पर स्वराज पब्लिक स्कूल के नजदीक पीने के पानी की पाइपलाइन टूटी होने से सड़क में गड्ढे बन गए हैं। जिसकी वजह से लोग आए दिन इन गड्ढों के कारण कोई न कोई हादसा होने के डर से भयभीत हैं।

**करेंगे समाधान**

जलापूर्ति विभाग के एसडीओ रवि नायक ने बताया कि वह मौके पर कर्मचारियों की टीम भेजकर समस्या का जल्द समाधान करवाएंगे।

### घरों में आ रहा गंदा पानी

उन्होंने बताया कि पानी की पाइप लाइन के टूटने से लोगों के घरों में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। उन्होंने व स्थानीय निवासी धीरज वर्मा ने बताया कि उन्होंने मामले को लेकर संबंधित विभाग के पास ऑनलाइन शिकायत की थी। लेकिन समस्या का आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया है।



## दुकानों के आगे किए अवैध कब्जों को प्रशासन ने हटाया

- एसडीएम की दुकानदारों को चेतावनी, अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

व्यासपुर उपमंडल प्रशासन द्वारा कस्बा में दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को हटवाया। इस दौरान व्यासपुर के उपमंडलाधिकारी जसपाल सिंह गिल ने दुकानदारों को दुकानों के सामने अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी।

एसडीएम जसपाल सिंह गिल, बीडीपीओ आस्था गर्ग, नायब तहसीलदार दलजीत सिंह व ग्राम सचिव नेहरा के साथ व्यासपुर छोटा अड्डा पर पहुंचे। उन्होंने वहां पर दुकानो के आगे किए गए अतिक्रमण को हटवाया। उपमंडलाधकारी जसपाल सिंह गिल ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें और दुकानों की जो जगह निर्धारित है। उसी में व्यापार करें।

उन्होंने कहा कि सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा करना न केवल गैरकानूनी है बल्कि इससे जनहित प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने का अभियान अब नियमित रूप से चलाया जाएगा। हर पंद्रह दिन के अंतराल पर इस प्रकार की कार्रवाई की जाएगी ताकि क्षेत्र में स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बना रहे।

### घर में घुसे दर्जनों लोग, व्यक्ति पर हमला, घायल

**रादौर।** गांव बरहेडी में दर्जन भर लोगों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने बिन्नी समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव बरहेड़ी निवासी ऋतिक उर्फ सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत रात्रि नौ बजे के करीब अपने घर पर मौजूद था। इस दौरान रविन अपने दस पंद्रह साथियों के साथ उनके घर में राड़ व डंडे लेकर घुस गया और उस पर हमला कर दिया। वह आरोपियों से छुटकर किसी तरह घर की छत की तरफ भागा तो आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और घसीट कर मारते पीटते नीचे ले आए। इस दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी थी। शोर सूनकर उसका दादा सतपाल उसे बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी धक्का देकर नीचे गिरा दिया। बाद आरोपी उसे गंभीर हालत में घायल करके मौके से भाग गए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी रविन व उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## लोक अदालत में 14856 मामलों का किया निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला न्यायिक परिसर यमुनानगर जगाधरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें छह बैंचो में 14856 मामलों का निपटान करके मुआवजे के रूप में 3 करोड़ 35 लाख 5 हजार 744 रुपये की राशि देने का काम किया गया। जिसका आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरसी डिमरी की देखरेख में हुआ।

सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश (पारिवारिक न्यायालय) जगजीत सिंह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदीप गोयल, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री दीक्षा दास रंगा, सिविल जज (जूनियर डिविजन)सुश्री गौरी नारंग, सिविल जज (जूनियर डिविजन) वसुंधरा राव व सिविल जज (जूनियर डिविजन) सब डिवीजनए बिलासपुर



गुलशन वर्मा ने दोनों पक्षों की आपसी सहमति से उक्त मामलों का निपटारा किया। इस दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदीप गोयल की बैंच के समक्ष खुशनुदा बनाम मनवीर इत्यादि के केस का भी निपटारा किया गया। इस केस में खुशनुदा ने सड़क दुर्घटना में अपना हाथ खो देने के बाद मुआवजे की मांग की थी। बीमा कंपनी व वादी खुशनुदा को लोक अदालत के दौरान आपसी समझौते से केस का समाधान करने के लिए समझाया गया तथा दोनों पक्षों ने मामले का आपसी सहमति से निपटारा कर दिया गया। बीमा कंपनी ने खुशनुदा को 11 लाख रुपये बतौर मुआवजा देने की पेशकश कीए जिसे खुशनुदा ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

### शीघ्र तथा सरल न्याय का माध्यम लोक अदालत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि लोक अदालतें शीघ्र तथा सरल न्याय का सबसे अच्छा माध्यम हैं। इसमें न केवल केसों में शामिल दोनों पक्षों के समय और धन की बचत होती है। बल्कि आपसी सहमति से मामलों का निपटान होने से संबन्धों में मधुरता आती है। उन्होंने लोगों से लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए जिला सेवा प्राधिकरणए यमुना नगर के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।



## गुरु बिन परमात्मा की भक्ति असंभवः भारती

- जगाधरी में संत संकीर्तन कार्यक्रम का किया आयोजन
- साध्वी नीलम भारती ने संगत को बताए गुरु भक्ति में छुपे रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में साध्वी नीलम भारती ने साध संगत को गुरू भक्ति में छिपे कुछ गूढ़ रहस्यों को उजागर करते हुए उनके महत्व के बारे में बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों के माध्यम से साध संगत को विभोर कर दिया।

साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि जब एक साधारण मनुष्य को गुरु की भक्ति करने के लिए कहा जाए तो उसके मन में संशय एवं दुविधा होनी स्वाभाविक है। क्योंकि परमात्मा को केवल निराकार शक्ति मानने वाला व्यक्ति साकार स्वरूप ब्रह्म शक्ति को सहज ही स्वीकार नहीं कर पाता है। उन्होंने साध संगत को समझाया कि गुरु के बिना परमात्मा की भक्ति असंभव है। क्योंकि एक पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ गुरु ब्रह्म ज्ञान के द्वारा हमें आत्म साक्षात्कार करवाता है।

आत्म स्वरूप की वास्तविक पहचान करने के पश्चात हमारे भीतर श्रद्धा, भक्ति एवं समर्पण भाव स्वतः ही प्रकट हो जाते हैं। ब्रह्मज्ञान भक्ति का प्राण है। निराकार स्वरूप परमात्मा की भक्ति करना बड़ा सरल और सहज है। क्योंकि वह प्रकट या अप्रकट रूप में कभी हमारे जीवन में हस्तक्षेप नहीं करता है। बल्कि परमात्मा का साकार स्वरूप गुरु हमारे कर्म संस्कारों को समाप्त करने के लिए और हमें जीवन मरण के चक्रव्यूह से मुक्त करने के लिए वह स्वयं अपने ही बनाए हुए नियमों को तोड़ देता है। गुरु की शरणागत हुए एक सच्चे जिज्ञासु के ऊपर गुरू अपना कृपा हस्त रखता है। जिससे शिष्य गुरू भक्ति रूपी रक्षा कवच से सदैव सुरक्षित रखता है।

### अपनी शक्ति से मनुष्य के लिए सबकुछ संभव

जब गुरू की कृपा के द्वारा हमें यह अनुभूति हो जाए कि हमारे जैसे दिखने वाले साधारण मनुष्य शरीर में वह ब्रह्म शक्ति है। जिसके लिए संपूर्ण ब्रह्माण्ड में कुछ भी करना असंभव नहीं है। तभी हमारे हृदय में सच्ची गुरू भक्ति प्रकट होती है। जहां तक अपने पुरुषार्थ से साधक लाखों जन्मों में तपस्या करके पहुंच सकता है। वहां तक गुरू भक्ति कुछ ही क्षणों में साधक को पहुंचा सकती है। एक गुरु भक्त ही भक्ति के मर्म को जानता है। क्योंकि वह अपने जीवन को गुरु के चरणों में समर्पित कर निश्चिंत हो जाता है। कार्यक्रम के अंत में साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन करके समूह संगत को कृतार्थ किया।



## व्यवहारिक ज्ञान के लिए शैक्षणिक भ्रमण जरूरी

- करनाल पहुंचे जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाने के लिए करनाल के दराड़ स्थित रिंग रोड निर्माण स्थल का शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसका सफल आयोजन विभाग की सहायक प्राध्यापक करण वधेड़ा व रितु के मार्गदर्शन में किया गया।

सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक करण वधेड़ा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने साइट पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्योंष प्रयुक्त सामग्री, आधुनिक मशीनरी व गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। विशेषज्ञ इंजीनियरों द्वारा कार्यप्रणाली और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इससे कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों से जोड़ने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि इस प्रकार की ऐसी गतिविधियां उन्हें रोजगारोन्मुख बनने में सहायक सिद्ध होंगी। निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने वइस पहल की सराहना की व इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उपयोगी बताया। इससे उद्योगों की आवश्यकताओं से परिचित करवाकर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

## न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर युवक से 80 हजार ठगे, केस

**यमुनानगर।** न्यूजीलैंड में भेजने के नाम पर चार लोगों ने एक युवक से 80 हजार लेकर ठग लिए। पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जगाधरी की महावीर कालोनी निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह पढ़ लिखने के बाद विदेश जाकर नौकरी करना चाहता था। इस दौरान एक परिचित ने पंचकूला में एक इमिग्रेशन सेंटर के बारे में बताया। जिसके बाद वह इमिग्रेशन सेंटर में पहुंचा तो उसकी मुलाकात सिमरनजीत कौर, दिव्या, कमल व आजाद से हुई। आरोपियों ने उसे भरोसा दिलाया कि उसे वर्क वीजा पर न्यूजीलैंड भेज देंगे। शुरुआत में केवल वीजा फीस ली जाएगी। आरोप है कि सिमरनजीत कौर ने एग्रीमेंट तैयार कराने के बाद उसे जॉब का ऑफर लेटर दिखाया। जो फर्जी लग रहा था। अप्रैल में वीजा के नाम पर उससे 80 हजार लेकर एक रशीद दी। आरोपियों ने उसका दो महीने तक वीजा नहीं लगवाया। वीजा लगवाने की कहने पर उसे धमकाना शुरू कर दिया। पुलिस ने जांच के लिए आरोपियों को बुलाया तो उन्होने 80 हजार रुपये लौटाने का फर्जी पत्र दिखाया।



## सेवा पखवाड़ा : घेसपुर के शमशान घाट में पौधरोपण

**रादौर।** गांव घेपसुर में ग्राम पंचायत द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को शमशान घाट में पौधारोपण किया। इस दौरान सरपंच कृष्णा देवी व ग्राम सचिव ने शमशान घाट में त्रिवेणी के पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरपंच कृष्णा देवी ने पीपल, बरगद व नीम के पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी को वातावरण स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्ररित किया। सरपंच कृष्णा देवी ने कहा कि सभी को पौधे लगाकर वातावरण को हराभरा रखना चाहिए। पौधारोपण समय की मांग है। गांवों की पहचान हरियाली से ही होती है। तभी तो शहरवासी गांवों में हरियाली में रहने के लिए आते है।उन्होंने कहा कि गांव में सफाई अभियान, जागरूकता अभियान व सभी सरकारी इमारतों की साफ सफाई कराई जाएगी और लोगों को गांव को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

22 सितंबर से एक अक्तूबर तक होगा मां भगवती के नवरात्रों का आयोजन

# नवरात्रः पहले दिन 22 को कलश स्थापनाः पंडित रिंकू

- साल में चार बार आते हैं नवरात्र दो प्रत्यक्ष और दो अप्रत्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

शारदीय नवरात्रि के पहले नवरात्र पर 22 सितंबर को कलश स्थापना की जाएगी। इसके बाद एक अक्तूबर को शा र दी य नवरात्र का समापन होगा और दो अक्तूबर को दशहरा मनाया जाएगा। उक्त जानकारी दोहली के पंडित रिंकू शर्मा ने दी।



पंडित रिंकू शर्मा।

पंडित रिंकू शर्मा ने बताया कि इस बार नवरात्रि का शुभारंभ 22 सितंबर से हो रहा है। एक अक्तूबर को नवमी के दिन नवरात्रि का समापन होगा। उन्होंने बताया कि दो अक्तूबर को दशहरा मनाया जाएगा। पंडित रिंकू शर्मा ने बताया कि 22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन घरों में कलश स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि नवरात्र अथवा नवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व है। नवरात्र एक संस्कृत शब्द है। जिसका अर्थ होता है नौ रातों का समय। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति देवी की पूजा की जाती है। साल में 4 बार मां दुर्गा को समर्पित नवरात्रि आती हैं। जिनमें से 2 प्रत्यक्ष और 2 अप्रत्यक्ष नवरात्रि होती हैं। शारदीय नवरात्रि प्रत्यक्ष नवरात्रि और उत्सव की नवरात्रि होती है।

उन्होंने बताया कि फिर 9 दिनों तक मां भवानी के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा की जाती है। शारदीय नवरात्रि में माता के आगमन प्रस्थान की सवारी बहुत खास होती है। माता की सवारी भविष्य में होने वाली घटनाओं के संकेत देती है। नवरात्रि के प्रारंभ और समापन के दिन से माता की सवारी का पता चलता है। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। देवी पुराण में हाथी की सवारी को शुभ माना गया है। मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर अच्छी फसल व अच्छी बरसात होने का संकेत देती है।





## प्राचीन गोगा माड़ी मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**रादौर।** स्थानीय प्राचीन एवं ऐतिहासिक गोगा माड़ी पर चल रहे मेले में रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माड़ी में माथा टेका और पूजा अर्चना की। इस दौरान मन्नतें पूरी होने वाले श्रद्धलुओं ने निशान (छड़ी) चढ़ाए। मेले में सजी दुकानों से रविवार को श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। सुबह से ही मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने गोगा माडी पर लाईनों में लगकर प्रसाद चढ़ाया और मन्नते मांगी।

### दुकानों पर बढ़ रही ग्राहकी

मेले के दुकानदारों रवि कुमार, संदीप, बिट्टू, गुरदीप, साहिल, बाबु राम, सुरेश व अजीब आदि ने बताया कि मेले में रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उनकी दुकानों से अच्छा सामान खरीदा। जिससे उनकी आय में काफी वृद्धि हुई। दुकानदारों ने बताया कि श्रद्धालुओं ने उनकी दुकानों से बच्चों के लिए खिलौने, धार्मिक किताबें व महिलाओं ने अपना श्रृंगार का सामान खरीदा। जिससे रविवार को भी उनकी बिक्री में काफी वृद्धि हुई।

खबर संक्षेप

## गुरुद्वारा सचखंड ईशर दरबार जुरासी में संत समागम आज

पिहोवा। गुरुद्वारा सचखंड ईशर दरबार जुरासी साहिब में चल रहे संत बाबा ईशर सिंह राड़ा साहिब वालों की 50वीं बरसी समागम के दूसरे दिन ढाडी कवि दरबार हुआ। इसमें कविशरी जत्थों ने संगत को गुरबाणी से निहाल किया। हजारों की संख्या में पहुंची संगत ने दिवंगत संत बाबा मान सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। संत बाबा मणि सिंह ने कहा कि संत बाबा ईशर सिंह के दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए ब्रह्मलीन संत बाबा मान सिंह ने अपने जीवन काल में देश विदेश में सिखी का प्रचार किया।

## 22 को मनाई जाएगी महाराज अग्रसेन जयंती



पिहोवा। अग्रवाल सभा के प्रधान तरसेम गर्ग ने बताया कि 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ करवाया जायेगा। उन्होंने अग्र बंधुओं से अपील की है कि वे इस मौके पर पहुँच कर इस पुण्य कार्य के भागी बने। तरसेम गर्ग ने कहा कि सभा समय समय पर समाजसेवा और धार्मिक कार्यक्रम करवाती रहती है। भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां चलती रहेंगी।

## पार्थिव देह को मेडिकल शोध के लिए किया दान



कुरुक्षेत्र। पिपली के गांव कडामी निवासी 82 वर्षीय स्व. बचना राम इन्सां की मृत्यु के बाद पार्थिव देह को मेडिकल शोध के लिए दान किया गया है। डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालु बचना राम इन्सां का देहांत शनिवार देर रात्रि हो गया था। उनकी इच्छा के अनुसार परिवार ने रविवार को उनकी पार्थिव देह का दान किया गया। उनकी पार्थिव देह को सैंकड़ों शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर कमेटी के सेवादारों, परिजनों व रिश्तेदारों की मौजूदगी में एसकेएस मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सैंटर मथुरा में एंबुलेंस के माध्यम से भेजा गया है।

## इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में शिविर का आयोजन



लाडवा। इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन अत्यंत उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने बतौर मुख्य अतिथि किया। शिविर में कुल 80 स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। दिनभर चले इस कार्यक्रम में विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

'स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान' को लेकर उपायुक्त ने संभाली कमान

# साइकिल चलाकर पलवल रोड पर पहुंचे नागरिकों के साथ 2 घंटे किया श्रमदान

*अगर हर व्यक्ति शहर को स्वच्छ बनाने के नैतिक कर्तव्यों को समझेगा तो निश्चित ही कुरुक्षेत्र इंदौर की तर्ज पर स्वच्छ और सुंदर शहर के रूप में अपनी एक पहचान बनाएगा : डीसी*



कुरुक्षेत्र। स्वच्छता को लेकर नागरिकों के साथ चर्चा करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने लोगों के संग चाय पर कुरुक्षेत्र शहर को स्वच्छ बनाने के विषय पर चर्चा की। इस चर्चा के दौरान आम नागरिकों को स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान के साथ जुडकर गली, माहौल्ला, शहर और संस्थान को स्वच्छ बनाने के टिप्स भी दिए। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वच्छता का संदेश घर-घर तक पहुंचाने की कमान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने संभाली है और आरडब्लयूए के माध्यम से स्वच्छता का संदेश हर व्यक्ति तक पहुंचाने की एक अनोखी पहल भी की है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने 2 घंटे आमजन के साथ श्रमदान करने के उपरांत सेक्टर 9 में लोगों के साथ चाय पी और इस चाय पर भी शहर को स्वच्छ बनाने को लेकर लम्बी चर्चा भी की है।

### शहर के आरडब्ल्यूए के सदस्यों को स्वच्छता सूत्र के साथ जोड़ा जाएगा

*उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र शहर के सैक्टरों और अन्य क्षेत्रों की रेजिडेंट एसोसिएशन वेलफेयर के सदस्यों को एक मंच पर एकत्रित करके स्वच्छ कुरुक्षेत्र के सूत्र में पिरोया जाएगा। सभी आरडब्ल्यूए के सदस्यों की एक बैठक जल्द की जाएगी और हर सेक्टर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के विषय पर चर्चा की जाएगी।*

### कुरुक्षेत्र में जल्द बनेगा साइकिल ग्रुप

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र शहर में साइकिलिंग करने के लिए जल्द ही एक गुरप तैयार किया जाएगा। इस ग्रुप को तैयार करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस साइकिलिंग ग्रुप को बनाने के पीछे मुख्य लक्ष्य स्वच्छ कुरुक्षेत्र है। इस साइकिलिंग ग्रुप के साथ अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा और हर शनिवार और रविवार को अलग-अलग रूट पर साइकिलिंग की जाएगी। इससे शहर के हर इलाके के वास्तविक तस्वीर भी सामने आएगी और इस ग्रुप के सदस्यों से स्वच्छता में श्रमदान देने की अपील भी की जाएगी।

### आम नागरिक को किया प्रेरित

उपायुक्त ने चर्चा के दौरान आम नागरिक को प्रेरित किया कि अगर हर व्यक्ति शहर को स्वच्छ बनाने के नैतिक कर्तव्यों को समझेगा तो निश्चित ही कुरुक्षेत्र इंदौर की तर्ज पर स्वच्छ और सुंदर शहर के रूप में अपनी एक पहचान बनाएगा। इसके लिए हर घर में गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग प्रबंधन किया जाए ताकि गीले कचरे से सेक्टर या मोहल्ला में पीट बनाकर खाद बनाई जाए और सूखे कचरे को डम्पर चालक को दे दिया जाए। इससे खाद भी बनेगी और कम से कम कचरा प्रबंधन के लिए जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बडी सादगी के साथ आमजन के साथ साईकिल चलाकर पलवल रोड पर पहुंचे और यहां पहुंचकर आम नागरिकों के साथ 2 घंटे श्रमदान किया।

### पलवल रोड की बदली तस्वीर

श्रमदान के बाद आयुर्वेदिक चौक से पलवल रोड की तस्वीर ही बदल डाली। इस सडक के किनारों पर सालों से सफाई ना होने के कारण मिट्टी जम चुकी थी और दोनों तरफ गंदगी और पॉलिथीन के अम्बार लगे हुए थे, लेकिन इस श्रमदान के बाद सडक के दोनों तरफ से मिट्टद्दी की भी खुदाई कर सफाई कर दी गई और एक-एक करके पॉलिथीन भी एकत्रित किए गए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा का आम व्यक्ति की तरह अकेले साइकिल पर आना और लोगों के साथ मिलकर श्रमदान करना हर व्यक्ति के दिल को भा गया है।

*पूर्व राज्यमंत्री ने जिंदल चौक से पूजा मॉडल स्कूल तक बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास*

## जल्द होगा विभिन्न सड़कों का नवनिर्माण कार्य : सुधा



कुरुक्षेत्र। सड़क के निमार्ण कार्य का शिलान्यास करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि नागरिकों की सुविधा को जहन में रखते हुए लम्बित पड़ी विभिन्न सडकों का नवनिर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इन सड़कों के निर्माण के लिए सरकार ने प्रशासन अनुमति देने के साथ-साथ नगर परिषद को बजट भी जारी कर दिया है। इतना ही नहीं बारिशों के बाद जिन-जिन सडकों पर गढ्ढे है उन सडकों को भी जल्द दुरूस्त कर दिया जाएगा। इसके लिए बकायदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आदेश भी जारी किए है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा जिंदल चौक पर नगर परिषद की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पार्षद दुष्यंत बख्शी, दरबारा सैनी, नप चेयरमैन प्रतिनिधि महीपाल ढांडा, मोहिन्द्र मेहता ने जिंदल चौक से पूजा मॉडल स्कूल तक 2.2 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

## लोगों ने नशा नहीं करने की ली शपथ



कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का संकल्प ‟नशे के विरुद्ध युद्ध‟ एक आंदोलन का रूप ले चुका है जो प्रदेश के गाँव और शहर में युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। इस कड़ी में नमक लौटा अभियान लोगों के हृदय को परिवर्तन करने का सशक्त साधन बनकर सामने आया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के स्वप्न को साकार करने के लिए उनके दिशानिर्देशों से गांधी नगर कुरुक्षेत्र हॉट स्पॉट पर नशे के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

*हिंदी साहित्य वार्षिक महोत्सव उत्कर्ष का शुभारंभ*

## संस्कृति-विरासत की गूंज, भविष्य की धड़कन का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में हिंदी साहित्य वार्षिक महोत्सव उत्कर्ष 2025 का शुभारंभ एन.आई.टी. कुरुक्षेत्र की हिंदी साहित्यिक समिति अनामिका ने अपने वार्षिक हिंदी महोत्सव उत्कर्ष-25 का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और मंच संचालन के साथ हुए उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. नवनीत अरोड़ा (आईआईटी रुड़की) और डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, पंकज सहलोत, चंद्र शेखर, लव कुमार, आर.के. अग्रवाल, प्रो. दीक्षित गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे।



### छात्रों ने प्रस्तुतियों से समारोह को बनाया जीवंत

इस अवसर पर समिति की वार्षिक पत्रिका संस्कृतिझविरासत की गूंज, भविष्य की धड़कन का विमोचन हुआ, जिसे छात्रों की रचनात्मकता और साहित्यिक अभिव्यक्ति का दर्पण बताया गया। अतिथियों ने अपने वक्तव्यों में हिंदी को हमारी धरोहर, पहचान और भविष्य की भाषा बताते हुए इसके तकनीकी और शैक्षिक महत्व पर जोर दिया। छात्रों ने नृत्य, संगीत और नाटक जैसी प्रस्तुतियों से समारोह को जीवंत बना दिया। उत्कर्ष-25 तीन दिवसीय आयोजन है, जिसमें काव्य संगम, शान-ए-उत्कर्ष, चित्रकला, वाद-विवाद, लघु नाटक, निबंध लेखन और क्विज जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। कार्यक्रम का मुख्य संदेश यह है कि हिंदी हमारी धरोहर, पहचान और भविष्य है और भारतीय संस्कृति के गौरव का प्रतीक भी।

## महाराणा प्रताप स्कूल में शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन

कुरुक्षेत्र। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र ने हाल ही में 60 उत्कृष्ट शिक्षकों के लिए एक अत्यधिक सफल दो दिवसीय अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को उनके कौशल में सुधार करने और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करना था। कुशल विशेषज्ञों सुधांशु सिन्हा और सुदेश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षकों ने अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में अद्वितीय प्रगति की। प्रशिक्षण अत्यधिक प्रभावी रहा और शिक्षकों में उत्साहए प्रेरणा और सकारात्मक परिवर्तन की एक नई लहर आई। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यालय परिवार की तरफ से प्रशिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया जिन्होंने एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया।

## सेवा पखवाड़ा मनाने को लेकर मंथन

- देवी मंदिर सभागार में भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला नेता सुभाष कलसाना के नेतृत्व में हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

शाहबाद के देवी मंदिर सभागार में भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला भाजपा नेता सुभाष कलसाना के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिसमें हरियाणा पशुधन बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने मुख्यवक्ता के रूप में शिरकत की गई। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा मनायी गई।



### अनेक प्रकल्प आयोजित किए जाएंगे

धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है ताकि प्रत्येक कार्यकर्ता को कुछ नया सीखने को मिल सके और हर वर्कर अपने सुझाव को सांझा कर सकें। सुभाष कलसाना ने कहा कि इस पखवाड़े के अंतर्गत रक्तदान शिविरों, पौधारोपण कार्यक्रमों, शिक्षण सामग्री वितरण, स्वच्छता अभियान सहित अनेकों प्रकल्प आयोजित किए जांएगे और बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास रहेगा। इस अवसर पर रविन्द्र सांगवान ठोल, मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, मंडल अध्यक्ष यादविन्द्र सिंह लक्की राणा, मंडल अध्यक्ष सर्वजीत कलसानी, मंडल अध्यक्ष नरेश कतलाहरी, बीबी करतार कौर, पूर्व नपा प्रधान बलदेव राज चावला, बलदेव राज सेठी, सुरेन्द्र जैन, सरपंच विक्रम अटवान आदि मौजूद रहे।



पिहोवा। नगर पालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि सरस्वती तीर्थ पुरोहितों के साथ एसडीएम को ज्ञापन देते हुए।

## सरस्वती तीर्थ पुरोहित ब्राह्मणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पिहोवा। सरस्वती तीर्थ के पुरोहित ब्राह्मणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर तीर्थ क्षेत्र में भिक्षा मांगने वालों को हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि सरस्वती तीर्थ परिसर में भीख मांगने वाले बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशान करते हैं।खासकर भीख मांगने वाली महिलाओं को अगर श्रद्धालुओं को परेशान न करने की बात कहीं जाती है वे छेड़खानी की सीधी धमकी देती हैं। जिंससे माहौल खराब हो रहा है। पुरोहितों ने बताया कि पहले भी कई बार इस विषय में पुलिस और प्रशासन को शिकायत दी गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका कहना है कि ऐसी गतिविधियां तीर्थ स्थल की पवित्रता और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि भी मौजूद रहे और उन्होंने इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का भरोसा दिया।

*फसलों का प्रति एकड़ 70 हजार रुपये मुआवजा देने की मांग*

## बाढ़ पीड़ित किसानों की जल्द सुध ले सरकार : सुरेंद्र सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक और जहां भाजपा पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता करने में लगी है । दूसरी ओर भाजपा ने प्रदेश में आई बाढ़ की विनाश लीला से प्रभावित प्रदेश के किसानों की कोई सुध नहीं ली है। उन्होंने कहा कि भारी बरसात और बाढ़ से प्रदेश के कई जिलों में तबाही का मंजर है और कुरुक्षेत्र जिला भी इससे अछूता नहीं है। कुरुक्षेत्र जिले में भी मारकंडा नदी ने भारी तबाही मचा कर किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया है। ऐसे में प्रदेश सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि वह तुरंत बाढ़ से पीड़ित किसानों की सुध ले और उनकी पूरी फसल का मुआवजा देने का काम करें। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीति कर रही है क्योंकि अभी अगले साल पंजाब में चुनाव होने जा रहे हैं। इसलिए बीजेपी पंजाब में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजने का नाटक कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता जानती है कि केवल यह सिर्फ चुनावी स्टंट है।



## एसडीएसएन स्कूल में लगाया परिवार लाभ कैंप

पिहोवा। गुरु नानक कॉलोनी स्थित एसडीएसएन स्कूल में किताब वाला बैंक की ओर से परिवार लाभ कैंप लगाया गया। इसमें 160 से अधिक मरीज का निशुल्क हेल्थ चेकअप करने के बाद उन्हें दवाइयां दी गई। कैंप में लोगों को सरकारी योजनाओं का निशुल्क लाभ भी दिया गया। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण की ड्राइंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। जिसमें छठी से आठवीं कक्षा में खुशी प्रथम, जसप्रीत दूसरे और अमृत नूर को तीसरे स्थान पर रही। माही पूनिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कक्षा पांचवी तक के ग्रुप में ईशान प्रथम, सृष्टि दूसरे और पीहू तीसरे स्थान पर रही। नौवीं से 12वीं कक्षा के ग्रुप में भूमिका प्रथम, मनदीप दूसरे, आशु तीसरे और सुप्रिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। स्कूल की प्रिंसिपल दर्शना चावला ने कहा कि लोगों को उनके घर द्वार पर स्वास्थय सेवाएं पहुंचाने का यह प्रयास सराहनीय है। । इस मौके पर स्कूल के अध्यक्ष एडवोकेट करण चावला, मैनेजर जयपाल चावला, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान विभु दर्शन मुरार, वार्ड पार्षद दीपिका शर्मा, प्रतिनिधि रोकी शर्मा, किताब वाला बैंक के संचालक सचिन मित्तल, संजीव कुमार खेल अध्यापक, अजमेर सिंह, विकास कुमार, रमेश चंद्र मौर्य, अरुण कुमार, प्रदीप गर्ग, मेडिकल टीम के प्रभारी डॉ. गौरव सिंगला, मानिक और केशव सहित कई लोग मौजूद रहे।



## मां भद्रकाली शक्तिपीठ में आश्विन नवरात्रों को लेकर हुई बैठक

कुरुक्षेत्र। शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर कुरुक्षेत्र में आगामी शारदीय नवरात्रों की तैयारियों को लेकर सेवक मंडल के सदस्यों की विशेष मीटिंग हुई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस बार महाशक्ति की महापूजा का महापर्व शक्ति महोत्सव 22 सितंबर से प्रारंभ होगा और 7 अक्तूबर को सम्पन्न होगा। पीठाध्यक्ष ने आगे बताया कि 22 सितंबर को ध्वजारोहण के बाद दोपहर 12 बजे माँ भद्रकाली जी की भव्य शोभायात्रा माँ की पावन पवित्र ज्योति के साथ प्रारंभ होगी जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा सम्मिलित होंगे और सांय 6 बजे नगर परिक्रमा करके महाआरती के साथ ज्योति प्रतिस्थापना होगी। उन्होंने बताया कि भजन संध्या प्रतिदिन सांय 4 से 7 बजे होगी और प्रतिदिन सांय 7 बजे 505 ज्योतों से महाआरती होगी। मंगला आरती प्रतिदिन प्रातः 6 बजे होगी। 29 सितम्बर, महासप्तमी को पारम्परिक मनोकामना पूर्ण हवन यज्ञ प्रातः 10 बजे होगा। 30 सितम्बर, मंगलवार श्री दुर्गाष्टमी जागरण में सुप्रसिद्ध गायक रोशन प्रिंस और सारेगामापा के विजेता हर्ष सिकंदर गुणगान करेंगे व रंजना नेब मनमोहक झांकियों से प्रस्तुति देंगी।

**प्रतियोगिता** कुरुक्षेत्र के सभी महाविद्यालयों के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

# राजकीय महाविद्यालय पलवल की छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा कुरुक्षेत्र के सभी महाविद्यालयों के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के छात्रों के लिए जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला प्रश्नोत्तरी कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में 14 महाविद्यालयों की टीम ने भाग लिया जिसमें राजकीय महाविद्यालय पलवल की छात्रा पलक, फलक और सोनाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज की दो टीमों ने द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

### आयुर्वेद के समन्वय के बारे में अवगत कराया

*इस अवसर पर प्रो. निरुपमा भट्टी ने छात्रों को विज्ञान और आयुर्वेद के समन्वय के बारे में अवगत कराया। अंत में कुवि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक राजीव कुमार बंसल ने विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण व बैंकिंग को नौकरी की तैयारी और उसके महत्व के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. रीटा दलाल, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार दुबे, डॉ मंजू नरवाल, डॉ. संजीव ग्रेवाल, डॉ. मनीष गोयल, डॉ. सचिन यादव, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. सतपाल, डॉ. तनु शर्मा, डॉ. सरिता देवी, डॉ. नितांत गौड़, डॉ. रचना भाटिया, रोहतास, राजकुमार और मायाराम सहित संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।*

## रंगोली प्रतियोगिता में मीराबाई सदन ने मारी बाजी

- राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में मनाया हिंदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिंदी दिवस पर राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में हिंदी विभाग ने 'हिंदी म्हारी शान हिंदी म्हारा मान' विषयक भव्य रंगोली प्रतियोगिता करवाई, जिसमें 50 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 9 सदनों की टीमों में मीराबाई सदन प्रथम, बाबू बालमुकुंद गुप्त सदन की टीम द्वितीय व जयशंकर प्रसाद सदन तृतीय रहा।



### हिंदी भाषा हमारी संस्कृति की पहचान : कौर

*प्राचार्य डॉ. गगनदीप कौर ने छात्राओं द्वारा बनाई रंगोलियों का अवलोकन कर उनकी सृजनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान की धरोहर है। निर्णायक मंडल में प्रो. शमा, प्रो. श्रेष्ठा और प्रो. सपना ने निष्पक्ष मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की।*

